Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
फतेहपुर–212601

पत्रांक : 2402 / M-7 /191 दिनांक : 29-10-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 29.10.2026 में प्रकाशित शीर्षक "फतेहपुर के नसीरपुर बेलवारा में जल जीवन मिशन पर सवाल:ग्रामीणों को नियमित पानी नहीं मिलने से परेशानी, प्रशासन से जांच की मांग" के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण दिनांक 29.10.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"फतेहपुर के नसीरपुर बेलवारा में जल जीवन मिशन पर सवाल:ग्रामीणों को नियमित पानी नहीं मिलने से परेशानी, प्रशासन से जांच की मांग"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–तेलयानी अन्तर्गत नसीरपुर बेलवारा पेयजल योजना का अनुरक्षण एवं संचालन फर्म **मे0 सुधाकरा इन्फ्रा–कैपिटल इलेक्टेक (जे0वी0), गाजियाबाद** द्वारा कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना पर आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ है। योजना में पूर्ण क्षमता से जलापूर्ति हेतु डी0पी0आर0 बनाकर मुख्यालय प्रेषित किया गया है। डी0पी0आर0 स्वीकृत होने के उपरान्त योजना के अवशेष कार्य पूर्ण होने के उपरान्त पूरे ग्राम में पूर्ण क्षमता से सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर
Thu, Oct 29, 2026
Updated 01:23 PM IST

फतेहपुर के नसीरपुर बेलवारा में जल जीवन मिशन पर सवाल: ग्रामीणों को नियमित पानी नहीं मिलने से परेशानी, प्रशासन से जांच की मांग

वैभव श्रीवास्तव | तेलियानी(फतेहपुर सदर), फतेहपुर
10 दिन पहले



नसीरपुर बेलवारा में जल जीवन मिशन पर सवाल।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें